आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

वर्ष- 15 अंक-95 कटनी • शनिवार, 8 मई, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • वैशाख कृष्ण पक्ष -12 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## डिलीट नहीं होगा व्हाट्सएप




**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप के उपयोगकर्ताओं के लिए एक राहत की खबर है। अब कंपनी की नई नीति के तहत प्राइवेसी पॉलिसी को स्वीकार नहीं करने पर भी 15 मई के बाद उपयोगकर्ताओं का खाता डिलीट नहीं होगा। सोशल मीडिया कंपनी की नई प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इस पर कंपनी ने रोक लगाते हुए अब यह राहत दी है।

## बाकी मैचों के लिए श्रीलंका तैयार




**नई दिल्ली।** आईपीएल में कोरोना वायरस के पैर पसारने के बाद इसके बाकी के मैचों को रद्द करने का फैसला लिया गया था, जिसके बाद कई देशों ने अपने यहां बचे हुए सीजन के मैचों को खेलने का प्रस्ताव रखा। हाल ही में भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका ने भी आईपीएल 2021 के बाकी सभी मैचों के लिए मेजबानी करने का प्रस्ताव भारत के सामने रखा है।

# मरीजों को ब्लैक फंगस

## सूरत में निकालनी पड़ीं 8 मरीजों की आंखें



**सूरत।** कोरोना वायरस के साथ-साथ देश में अब ब्लैक फंगस का भी खतरा बढ़ रहा है। गुजरात में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां कोरोना से ठीक हुए मरीजों में ब्लैक फंगस भी देखा गया है। इन मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है क्योंकि गुजरात में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े हैं। गुजरात के सूरत में म्यूकोरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) से आठ मरीजों ने अपनी आंख की रोशनी खो दी है। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। पिछले 15 दिनों में सूरत में म्यूकोरमाइकोसिस के 40 मामले सामने आए हैं, जिनमें से आठ मरीजों की आंख की रोशनी चली गई है। ये संक्रमण, कोरोना की वजह से फैल रहा है और इसका इलाज हो सकता है। लेकिन अगर इलाज में देरी हो जाए या इलाज न मिले तो इससे मरीज की मौत भी हो सकती है। सूरत के अलावा मुंबई में भी एक 29 सुहास वर्षीय शख्स में म्यूकोरमाइकोसिस का संक्रमण देखा गया। कोरोना से ठीक होने के बाद सुहास में ब्लैक फंगस के लक्षण दिखने लगे और हाल ही में उनकी सर्जरी की गई। दिमाग तक ये इंफेक्शन न पहुंच पाए, इसके लिए डॉक्टरों ने सुहास के ऊपरी जबड़े को हटा दिया। मुंबई के ग्लोबल अस्पताल में मौजूदा समय में म्यूकोरमाइकोसिस के 18 मरीज इलाज के लिए भर्ती हैं। महाराष्ट्र में ब्लैक फंगस के कई मामले सामने आ गए हैं, जिसमें से कई लोगों का ऊपरी जबड़ा निकालना पड़ा और एक की आईबॉल ही नष्ट हो गई।

# एक और खतरा





# 24 घंटे में 4187 मौत

## लगातार तीसरे दिन 4 लाख से ज्यादा मामले



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के कहर से हाहाकार मचा है। कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी से देश की स्वास्थ्य प्रणाली चरमरा गई। देश में जहां पिछले तीन दिन से हर रोज 4 लाख से अधिक नए कोरोना मरीज मिल रहे हैं। वहीं देश में पहली बार 24 घंटे में रिकॉर्ड 4,187 लोगों की कोरोना से मौत हो गई जोकि एक दिन में दर्ज की गई मौतों की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को को यह जानकारी दी। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के खतरनाक होने से देश भर के अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर, रेमडेसिविर और ऑक्सीजन की भारी किल्लत जारी है। सैकड़ों लोग बिना इलाज के ही दम तोड़ रहे हैं। वहीं श्मशान घाटों पर शवों के अंतिम संस्कार के लिए कई घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में 4,01,078 नए कोरोना मरीज मिल हैं। देश में पहली बार एक दिन में 4,187 लोगों ने दम तोड़ा है। महामारी के शुरू होने से लेकर अब तक एक दिन में जान गंवाने वालों का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके साथ कोविड से मरने वालों की संख्या 2,38,270 पहुंच गई।

## क्विक अपडेट



### पॉजीटिव कंगना की अब कोरोना से जंग

**मुंबई।** बॉलीवुड की क्वीन कहलाने वाली अभिनेत्री कंगना रणौत भी अब कोरोना की चपेट में आ गई हैं। उनका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखकर इसकी जानकारी दी है। खुद को क्वारंटीन करके वे कोविड दिशा निर्देशों का पालन कर रही हैं। अभिनेत्री कंगना रणौत ने इंस्टाग्राम के जरिए एक पोस्ट साझा कर अपने कोविड पॉजिटिव होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा 'मैं पिछले कुछ दिनों से अपनी आंखों में हल्की जलन और थका हुआ व कमजोर महसूस कर रही थी। हिमाचल जाने की उम्मीद कर रही थी, इसलिए कल मेरा कोविड टेस्ट हुआ और आज रिपोर्ट आई कि मैं पॉजिटिव हूं।

### तमिलनाडु में बढ़ते मामलों के बीच 10 मई से संपूर्ण लॉकडाउन

**चेन्नई।** देश में कोरोना की दूसरी लहर ने कोहराम मचा दिया है। अभी देश की जनता दूसरी लहर का ही सामना कर रही है कि वैज्ञानिकों ने तीसरी लहर की चेतावनी दे दी है। इसी बीच कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच तमिलनाडु सरकार ने दो हफ्तों के लिए संपूर्ण लॉकडाउन लगाने का फैसला किया है।

### चुनावी रंजिश में चली गोली बालक को लगी, मौत



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के फतेहपुर चौरासी थाना इलाके में चुनावी रंजिश में निर्वाचित प्रधान के पति ने साथियों के साथ असलहों से लैस होकर अपने प्रतिद्वंद्वी प्रधान प्रत्याशी के घर हमला बोल दिया। प्रधान पक्ष की ओर कई राउंड फायरिंग की गई। घटना में प्रतिद्वंद्वी प्रधान प्रत्याशी के 12 वर्ष के भतीजे के सीने में गोली लग गई। जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि मारपीट में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए।

## ये है सूबे के स्वास्थ्य मंत्री प्रभु का शहर

# एंबुलेंस की फोटो विज्ञापन में छपी थी दादी को ठेले पर ले जाना पड़ा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महामारी फैल गई है। लोग अस्पताल के दरवाजों पर मर रहे हैं। ऐसे हालात में शिवराज सिंह चौहान सरकार के विज्ञापन दर्द को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के शहर में संवेदनशील सरकार, अस्पताल और एंबुलेंस के बड़े-बड़े विज्ञापन छपे हैं परंतु बीमार मां को अस्पताल में ले जाने के लिए कोई नहीं आया। नागरिकों को महामारी और प्राकृतिक आपदा से बचाना सरकार का नैतिक दायित्व नहीं बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी है। पेट्रोल पर टैक्स लगाने और शराब की दुकानों की नीलामी करने के लिए जनता सरकार का गठन नहीं करती। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के नजदीक रायसेन जिले की सांची विधानसभा (जहां के विधायक प्रभु राम चौधरी, सत्ता के दूसरे शक्ति केंद्र ज्योतिरादित्य सिंधिया के खास मंत्री हैं) शहर में सर्दी जुकाम से पीड़ित 70 वर्षीय महिला को अस्पताल तक ले जाने के लिए कोई सरकारी सहायता उपलब्ध नहीं थी। मजबूरी में महिला के प्रपत्र ने प्रपोत्र हाथ ठेले पर दादी मां को बिठाकर एक प्राइवेट डॉक्टर से इलाज करवाया। मध्यप्रदेश में इन दिनों शिवराज सिंह चौहान सरकार अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन कर रही है जारी कर रही है। पूरे प्रदेश में लॉक डाउन है लेकिन सड़कों के किनारे बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। विज्ञापनों के जरिए बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में सरकार संवेदनशील है, हर बीमार व्यक्ति को इलाज मिल रहा है, लोग स्वस्थ हो रहे हैं और आनंद में है। दरअसल मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के ज्यादातर विधायकों एवं मंत्रियों को जनता की जनता इसलिए नहीं है क्योंकि वह जानते हैं कि जब तक विधानसभा चुनाव की बारी आएगी, कुछ ना कुछ ऐसा कर लिया जाएगा कि जनता इस दर्द को भूल जाएगी। जहां तक श्री प्रभु राम चौधरी का प्रश्न है तो सभी जानते हैं कि टिकट और मंत्री पद ज्योतिरादित्य सिंधिया की कृपा से मिले हैं। अगली बार भी मिल जाएंगे।

## राजधानी भोपाल के खराब हालात, कैसे हो मरीजों का उपचार

# 10 से 20 फीसद डॉक्टर व स्टाफ संक्रमित



**भोपाल।** जेपी अस्पताल के करीब 20 स्वास्थ्यकर्मी कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। इनमें 8 डॉक्टर, 16 नर्स और बाकी वार्डबाय ड्रेसर व अन्य कर्मचारी हैं। इसी तरह से हमीदिया अस्पताल के 200 से ज्यादा स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित हैं। इसमें कंसलटेंट, जूनियर डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड बॉय और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। एम्स और दूसरे अस्पतालों का भी यही हाल है। इस वजह से मरीजों के इलाज में परेशानी आ रही है। हमीदिया अस्पताल में तो 30 गंभीर मरीजों वाले वार्ड भी एक नर्स के हवाले हैं। जेपी अस्पताल में भी ऐसी ही स्थिति है। हालांकि, एम्स में स्टाफ पर्याप्त है, इसलिए इतनी दिक्कत नहीं है। जिन स्वास्थ्यकर्मियों को अभी कोरोना हुआ है उन्हें टीका का दूसरा डोस लगे हुए कम से कम एक महीने हो चुके हैं। 95 फीसद को टीका लगा है। हालांकि अच्छी बात यह है कि इनमें से कोई भी गंभीर स्थिति में नहीं है। ज्यादातर होम आइसोलेशन में हैं। जेपी अस्पताल में कुल 64 डॉक्टरों में से 8 फिलहाल कोरोना से संक्रमित हैं। इनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ केके देवपुजारी, डॉ वायपी पटेल, कोरोना वार्ड के प्रभारी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ योगेंद्र श्रीवास्तव, डॉ वीके दुबे भी शामिल हैं। इनके संक्रमित होने से मेडिसिन विभाग 130 स्टाफ नर्स हैं। इनमें करीब 15 पहले से ही किसी न किसी कारण से छुट्टी पर थीं। 16 स्टाफ नर्स कोरोना से संक्रमित हो गई हैं। हमीदिया अस्पताल में 80 डॉक्टर, 105 स्टाफ नर्स समेत 200 से ज्यादा संक्रमित हो गये है। यहां 680 बिस्तर मिलाकर कुल 1347 बिस्तर हो गए हैं। लेकिन 113 स्टाफ नर्स कोरोना से फिलहाल संक्रमित हैं और छुट्टी पर हैं। कुल 667 नर्सिंग स्टाफ यहां पर है। संक्रमितों के अलावा कुछ पहले से छुट्टी पर हैं।

## अमरिंदर ने दिया सख्ती से निपटने का आदेश

# लॉकडाउन के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राज्य में बढ़ रहे कोविड के मामलों के मद्देनजर शुक्रवार को सभी डिप्टी कमिश्नरों को अपने-अपने जिलों में जरूरत के अनुसार कोई भी नया और सख्त प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकृत कर दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि दुकानों और निजी दफ्तरों को रोटेशन (बारी-बारी) के आधार खोलने के फैसले को छोड़कर बाकी मौजूदा प्रतिबंधों में किसी तरह की ढील बरतने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने डीजीपी को राज्य में साप्ताहिक लॉकडाउन को सख्ती से लागू करवाने और शनिवार को किसान संघर्ष मोर्चे के लॉकडाउन विरोधी प्रदर्शन को देखते हुए किसी भी तरह के उल्लंघन को सख्ती से निपटने के आदेश दिए।

# खान चाचा रेस्टोरेंट की जांच करेगी अब क्राइम ब्रांच, मिले थे 419 कंस्टट्रेक्टर




**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली की लोधी कालोनी के रेस्टोरेंट-बार से 419 ऑक्सीजन कन्संट्रेटर मिलने के मामले की जांच अब दिल्ली क्राइम ब्रांच करेगी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, खान मार्केट में खान चाचा रेस्टोरेंट में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स ज़ब्त करने के मामले को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है। आपको बता दें कि लोधी कालोनी के रेस्टोरेंट-बार से 419 ऑक्सीजन कन्संट्रेटर मिलने के मामले में दक्षिण जिला पुलिस ने शुक्रवार को खान मार्केट के दो बड़े रेस्टोरेंट खान चाचा रेस्टोरेंट और टाउन हॉल रेस्टोरेंट में छापेमारी की थी। पुलिस ने दोनों रेस्टोरेंट से करीब 105 कन्संट्रेटर बरामद किए थे। पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर खान चाचा रेस्टोरेंट से 96 ऑक्सीजन कन्संट्रेटर और टाउन हॉल से 9 कन्संट्रेटर मशीन बरामद की थीं। मामले में पुलिस अब तक कुल 524 मशीन बरामद कर चुकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तीनों ही रेस्टोरेंट का मालिक नवनीत कालरा नामक शख्स है। गई तो स्वास्थ्यकर्मी आंदोलन करेंगे। इस पूरे मामले में उसकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जल्द ही कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया तक बुधवार को लोधी कालोनी थाना पुलिस ने सेंट्रल मार्केट लोधी कालोनी के एक रेस्टोरेंट में छापेमारी की थी।

# अस्पताल पर मंत्री के प्रतिनिधि का कब्जा? जिसे चाहता उसे ही बेड मिलता था



**उज्जैन।** उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव पर गंभीर आरोप लगा है। डॉक्टर संजीव कुमरावत की एक चैट वायरल हो गई है। जिसमें बताया गया है कि मंत्री मोहन यादव के प्रतिनिधि अभय विश्वकर्मा ने अस्पताल पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। वह जिसे चाहता है उसे ही बेड उपलब्ध होता है। आईसीयू में उसके लोग लेटे रहते हैं और गंभीर रूप से बीमार मरीज बाहर पड़े रहते हैं। मंत्री मोहन यादव की भूमिका इसलिए संदिग्ध हो जाती है क्योंकि डॉक्टर संजीव ने अभय विश्वकर्मा से तंग आकर ट्रांसफर मांगा तो तत्काल उनका ट्रांसफर कर दिया गया। जबकि अभय विश्वकर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी। मंत्री की मर्जी के बिना उनका प्रतिनिधि इतना सब नहीं कर सकता पूरा मामला प्रभारी डॉक्टर के एक सोशल मीडिया चैट से उजागर हो गया। मंत्री प्रतिनिधि का कहना है, मुझ पर गलत आरोप लगाए जा रहे है तो वहीं कांग्रेस का कहना है कि प्रतिनिधि ही नहीं बल्कि मंत्री को इस मामले में तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

# कोविड सेंटर के वालिंटियर सहित तीन युवक रेमडेसिविर बेचते गिरफ्तार



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी के आरोप में बीएचएमएस छात्र टीपू सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। टीपू मानपुर स्थित कोविड केयर सेंटर में वालिंटियिर का काम भी कर रहा था। आरोपितों से एक रेमडेसिविर इंजेक्शन भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस इनके मोबाइल नंबरों के आधार पर आगे की लिंक तलाश रही है। एसआइ मनोज कटारिया के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित टीपू निवासी स्कीम-78 विजयनगर,शाहरुख खान निवासी कजलाना सांवेर और जफर खान निवासी सांवेर पर धोखाधड़ी और महामारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। एसआइ के मुताबिक आरोपित टीपू बीएचएमएस छात्र है और वर्तमान में मानपुर स्थित कोविड केयर सेंटर में वालिंटियर का काम संभाल रहा था। जबकि जफर दवा दुकान पर काम करता था और शाहरुख कपड़े की फेक्टरी में नौकरी करता था।

# हार पर रार, मलैया निलंबित तो विश्नोई ने खोला मोर्चा



**दमोह।** दमोह विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्यासी राहुल सिंह की हार के बाद प्रदेश संगठन ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में भाग लेने के कारण पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इतना ही नही भारतीय जनता पार्टी ने दमोह जिले के अपने पांच मंडल अध्यक्षों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया गया है। सभी को 10 दिन के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के द्वारा यह कार्यवाई की गई है। इस कार्रवाई के बाद जहां दमोह की सियासत में हड़कंप मच गया है। वही पार्टी के नेताओं की भी अलग अलग राय है। जबलपुर जिले की पाटन विधानसभा के विधायक अजय विश्नोई ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर इस कार्यवाई का विरोध किया है। वही दमोह सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कार्यवाई को सही बताते हुए ट्वीट किया है।जिन मंडल अध्यक्ष पर कार्यवाही हुई है उनमें अभाना मंडल अजय सिंह, दीनदयाल नगर मंडल संतोष रोहित, दमयंती मंडल मनीष तिवारी, बांदकपुर मंडल अभिलाष हजारी, बांसा मंडल देवेन्द्र सिंह राजपूत और प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सिद्धार्थ मलैया को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है।







# नेपाल में बेकाबू हुआ कोरोना

**काठमांडू।** पूरी दुनिया इस वक्त कोरोना वायरस की चपेट में है। भारत और पड़ोसी देशों में भी संक्रमण अपना पैर तेजी से पसार रहा है। सबेस बुरा हाल नेपाल का है। नेपाल में महामारी बेकाबू हो गई है। हालात इतने बिगड़ रहे हैं कि विशेषज्ञों ने सरकार को चेतावनी दी है कि वक्त रहते इसे कम नहीं किया गया तो भारत को भी पीछे छोड़ सकता है। बीते गुरुवार को 8,659 नए मामले सामने आए हैं। जबकि 58 लोगों की मौत हो गई है।




# पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से की बात




**मुंबई।** महाराष्ट्र में कोरोना की स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बात की। इधर गिलेड साइंस से रेमडेसिविर की 26,500 वायल भारत पहुंची हैं। वहीं भारत की मदद करने के लिए थाईलैंड भी आगे आया है। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि सभी राज्य सरकारों को अबतक वैक्सीन की 17.49 करोड़ डोज दी जा चुकी हैं।


# विरोध में पीपल के नीचे सुला दिया मरीज, सुधर गया ऑक्सीजन लेवल



**गोरखपुर।** गांव ददरा में कोरोना संक्रमित बुजुर्ग स्वराज हिंद पासवान उर्फ गल्ला को सांस लेने की तकलीफ पर अस्पताल में जगह नहीं मिली तो परिजनों ने प्रतीकात्मक विरोध में उनको पीपल के पेड़ के नीचे चारपाई पर सुला दिया। यूं तो अस्पताल में जगह न मिलने पर यह सब किया गया, मगर इसके बाद सारा परिदृश्य ही बदल गया। ग्रामीणों का दावा है कि बुजुर्ग का गिरता ऑक्सीजन स्तर दो घंटे में ही सुधर गया। अब उन्हें आइसोलेट करके काढ़ा व जरूरी दवाएं दी जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक, गोला पीएचसी के तहत आने वाले ददरा गांव निवासी स्वराज हिंद पासवान उर्फ गल्ला कोरोना पॉजिटिव हैं। शुक्रवार को उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। ऑक्सीजन लेवल भी कुछ कम हो गया। इससे चिंतित परिजनों ने अस्पताल की तलाश शुरू की, एक भी बेड खाली नहीं मिला। मोबाइल फोन से गोरखपुर के अस्पतालों में बेड की जानकारी ली गई। जब बेड नहीं मिला तो परिजन सीएमओ कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी सुधांशु श्रीवास्तव के पास गए। परिजनों ने मदद मांगी तो सुधांशु ने कहा कि स्वराज को पीपल के पेड़ के नीचे चारपाई डालकर सुला दें। पीपल के पेड़ के नीचे ऑक्सीजन ज्यादा मिलती है। यह सुझाव सामने आया तो उन्होंने प्रतीकात्मक विरोध और सुझाव के सम्मान के तौर पर बुजुर्ग को पीपल के पेड़ के नीचे चारपाई पर सुला दिया। बुजुर्ग के बेटे शैलेश, भतीजे निखिल व ऋतिक के मुताबिक दो घंटे बाद ही स्वराज की सांस लेने में दिक्कत कम हो गई। ऑक्सीजन का स्तर भी फिलहाल ठीक है।

कटनी
शनिवार, 08 मई 2021
यश भारत





# संक्रमण रोकने अब 17 मई तक बढ़ाया गया कोरोना कर्फ्यू

**कटनी।** जिले में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने गृह विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत एवं जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्यों से चर्चा तथा लिये गये निर्णय के अनुसार गुरुवार को दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत नवीन प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। गुरुवार को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत संपूर्ण कटनी जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में 17 मई की प्रात: 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू घोषित किया गया है। इस दौरान समस्त प्रतिष्ठान बंद रहेंगें एवं सामान्य आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। समस्त सामाजिक, राजनैतिक, खेल, शैक्षणिक, धार्मिक मनोरंजन, समारोह एवं अन्य बड़े जमावड़े को भी आदेश के तहत प्रतिबंधित किया गया है। समस्त होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल एवं समस्त शराब की दुकाने देशी, अंगेजी, बार, भांग एवं भांग घोटा की दुकान आदि पूर्णत: बंद रहेंगें। सार्वजनिक स्थलों पर थूकना, शराब, पान, गुटखा सेवन करना प्रतिबंधित रहेगा। समस्त शासकीय, आशासकीय कार्यालय, न्यायालय भी बंद रहेंगे। विदित हो कि कोरोना संक्रमण के चलते विगत 9 मई की शाम 6 बजे जिले में कोरोना कर्फ्यू प्रभावशील है।

## जारी रहेंगी पाबंदियां, अत्यावश्यक सेवाओं को छूट

### कोरोना कर्फ्यू के बंधनों से यह गतिविधियां रहेंगी मुक्त

केन्द्र सरकार के ऐसे कार्यालय जो अत्यावश्यक सेवायें प्रदान नहीं करते हैं, ऐसे कार्यालय 10 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किये जा सकते हैं। अत्यावश्यक सेवायें प्रदान करने वाले शासकीय कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 10 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित होंग। अत्यावश्यक सेवाओं में कलेक्ट्रेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय, कोविड ड्यूटी आदि सम्मिलित हैं। आईटी कंपनियों, बीपीओ, मोबाईल कंपनियों का सपोर्ट स्टाफ एवं यूनिट्स को छोड़कर शेष निजी कार्यालय भी 10 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ ही अपना कार्य संपादित कर सकेंगे। 10 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति के लिये निर्धारित कार्यालयों के संचालन में बंधन अनुसार शेष कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर सकेंगे। अन्य राज्यों एवं जिलों में माल तथा सेवाओं का आवागमन, अस्पताल, नर्सिंग होम, मेडिकल इंन्श्योरेन्स कम्पनीज, अन्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं को बंधनों से मुक्त रखा गया है। केमिस्ट, किराना दुकानें केवल होम डिलेवरी के लिये, रेस्टॉरेन्ट केवल टेक होम डिलेवरी के लिए, पेट्रोल पम्प, बैंक संस्थान एवं एटीएम को आदेश के तहत मुक्त रखा गया है। औद्योगिक इकाईयों के अधिकृत कर्मचारियों का आवागमन, जिन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा पहचान पत्र जारी किया गया हो, वे इस आदेश के तहत मुक्त रहेंगे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें बंद रहेंगी। जिन व्यक्तियों को इस महीने का राशन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें ग्राम पंचायत के द्वारा द्वार प्रदाय के माध्यम से राशन वितरित किया जायेगा।

### मजदूर कंस्ट्रक्शन साईट या परिसर में रुके हों, संचालित हो सकेंगी

ग्राम पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अपने क्षेत्रीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/इंसीडेन्ट कमाण्डर के द्वारा अनुमति उपरांत ही मनरेगा के अन्तर्गत कार्य संचालित हों, अगर कार्य अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति कोविड संक्रमित पाया जाता है, तो कार्य तत्काल बंद कर दिया जायेगा। इसके साथ ही कृषि संबंधी सेवायें जैसे कृषि उपज मण्डी, पीडीएस की दुकानें, उपार्जन केन्द्र, खाद बीज, कीटनाशक दवायें, कस्टम हायरिंग सेन्टर्स और कृषि यंत्र की दुकानों को भी आदेश के तहत छूट प्रदान की गई है। परीक्षा केन्द्र आने एवं जाने वाले प्रशिक्षार्थी तथा परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा आयोजन से जुड़े कर्मी, अधिकारीगण इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे, परंतु उन्हें अपने साथ पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार अस्पताल, नर्सिंग होम और टीकाकरण हेतु आवागमन कर रहे नागरिक टोकन दिखाने पर तथा कर्मी इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे, परंतु संबंधित को अपने साथ पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार अन्य राज्यों से राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे से माल, सेवाओं का आवागमन बायपास से होते हुये परिवहन, लोडिंग व अनलोडिंग कार्य में छूट रहेगी। रेल्वे स्टेशन से आवागमन का प्रबंध इस रीति अनुसार किया जायेगा जैसा कि जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नियत किया जायेगा। आईटी कंपनियों, बीपीओ, मोबाईल कंपनियों का सपोर्ट स्टाफएवं यूनिट भी इस प्रतिबंध से मुक्त रखे गये हैं।

### धार्मिक स्थलों में 5 लोगों की उपस्थिति में की जा सकेगी पूजा-पाठ

मेडिकल इमरजेन्सी हेतु आवागमन एंबुलेन्स, फायर ब्रिगेड सेवायें एवं शव वाहन इस प्रतिबंधात्म्क आदेश से मुक्त रहेंगे। इस आदेश के तहत सब्जी, फल विक्रेता के थोक एवं फुटकर व्यापार, दूध की व्यवस्था के लिये आयुक्त नगर निगम को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में पृथक से आदेश जारी किया जायेगा। समस्त गैस एजेंसियां अपने निर्धारित समय पर खुली रहेंगी। गोडाउन से गैस का वितरण नही किया जायेगा। गोडाउन से गैस की होम डिलेवरी किये जाने की छूट रहेगी। प्लांट से गोडाउन तक पहुचने हेतु उपयोग में आने वाले वाहनों को आने जाने छूट रहेगी। जिले में धार्मिक स्थलों पर आमजन का आना जाना प्रतिबंधित होगा। मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्वारा आदि की समिति के पुजारी, मौलवी, पादरी, ज्ञानीजी 5 की संख्या से कम द्वारा पूजा पाठ की जा सकेगी। अन्य विशेष परिस्थितियों में अनुमति हेतु क्षेत्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, इंसीडेंट कमाण्डर को अधिकृत किया गया है। समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, थाना प्रभारी, नगर पालिक निगम, सोशल डिस्टेंसिंग प्रणाली को दुकानो एवं अन्य संस्थानो में सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर से दल गठित कर सतत निगरानी रखेंगे एवं पालन न करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से धारा 60 के तहत यथास्थिति दाण्डिक एवं अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। इस आदेश का पालन कराने के लिये समस्त कार्यपालक दण्डाधिकारी, सहायक उपनिरीक्षक अथवा उससें वरिष्ठ पुलिस कर्मी, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी/नगर पंचायत एवं नगर निगम के सहायक आयुक्त अथवा इससे वरिष्ठ अधिकारी दण्ड अधिरोपित करने एवं दण्ड की राशि वसूलने हेतु अधिकृत होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।




## सांसद ने भेजा वेक्सिनेशन रथ

### टीकाकरण के प्रति लोगों को करेगा जागरूक

**कटनी।** कोरोना महामारी से बचाव हेतु भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं एवं भाजपा द्वारा सेवा ही संगठन- 2 के तहत लगातार नागरिकों की हर संभव मदद की जा रही है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा के सांसद विष्णुदत्त शर्मा द्वारा वैक्सिनेशन अभियान को गति प्रदान करने और अधिक से अधिक संख्या में 18 से 44 वर्ष के आयु के नागरिकों के वैक्सिनेशन के लिए सांसद विष्णुदत्त शर्मा के सौजन्य से वैक्सिनेशन रथ तैयार किया गया है, जो आज कटनी पहुंच गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद विष्णुदत्त शर्मा जिले की जनता के प्रति सदैव संवेदनशील रहते हैं, कोरोना संकट की इस घड़ी में सांसद द्वारा लगातार कटनी की जनता की सहायता की जा रही है। उन्होंने बताया कि वैक्सिनेशन रथ जिले की तीनों विधानसभा में भ्रमण करेगा एवं 18 से 44 वर्ष की आयु के नागरिकों के वैक्सिनेशन में मदद करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सांसद विष्णुदत्त शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## लोगों को जागरूक करने स्वयंसेवकों ने संभाला मोर्चा

### नेहरू युवा केंद्र के वालिंटियर्स ने गांवों में चलाया जागरूकता अभियान






**कटनी।** कोरोना संक्रमण की इस विकट परिस्थिति में नेहरू युवा केंद्र द्वारा एवं जिला युवा अधिकारी कु कीर्तिका कुहर के नेतृत्व में जले के विभिन्न गांव, ग्राम पंचायतों में गठित युवा/महिला मंडल एव नव चयनित एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के सहयोग से कोरोना बीमारी से बचाओ हेतु गाँव के लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड ढीमरखेडा के ग्राम धरवारा, उमरिया पान, घुघरा, सिलोड़ी, भुला, पड़रभटा, महगवां, कारी पाथर, विकासखण्ड बडवारा के गाँव पठरा, बडवारा, पोड़ी, चपहनी, बिजोरी, रोहनिया, मझगवां, विकासखण्ड बहोरिबंद के ग्राम किरहाई पिपरिया, पोड़ी, कूड़ा, बाकल, विकासखण्ड रीठी के ग्राम बरहटा, कैना, पटेहरा, रीठी, डांग, विकासखण्ड विजयराघवगढ़ ग्राम रमना, रोहनिया, झिरिया, नन्हवारा कला, विकासखण्ड कटनी के कटनी शहर, बंडा, छहरी, पहाड़ी, खिरैहनी, झिझरी आदि गाँव में बाहर से आने वाले लोगों को रोकने हेतु गाँव के लोगो के सहयोग से कोरोना बीमारी से बचाओ हेतु जनता कर्फूलगाया गया है। लोगो को इस भीषण बीमारी से बचाओ के लिए दो गज की दूरी-मास्क है जरुरी मेरी सुरक्षा मेरा मास्क निरंतर साबुन के पानी या सैनीटाइज़र से बार-बार हाथ धोने, घर पर ही रहने, सर्दी, ख़ासी, बुखार के लक्षण होने पर अस्पताल में जाँच करने हेतु लोगो को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सार्वजानिक स्थानों पर संदेश लेखन, चिन्हित टीकाकरण केंद्र में लोगो की लाइन लगवाकर टीकाकरण करवाने हेतु प्रेरित करना तथा लोगों की भ्रान्तिया दूर करने का कार्य भी सतत् रुप से जारी है। इतना ही नहीं स्वयंसेवकों द्वारा मास्क तैयार करना एवं वितरण करने का कार्य भी किया जा रहा है। शासन के लॉकडाउन का पालन करवाने, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारीयों व कर्मचारियों का निरंतर सहयोग किया जा रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा मुडवारा रेलवे स्टेशन में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करना, लाइन लगवाना, थर्मल स्केनिंग करना, मास्क लगाने, सामाजिक दूरी बनाने, रेलवे प्रशासन का सहयोग किया किया जा रहा है। स्वयंसेवक निस्वार्थ भावना से समाजहित में निरंतर कार्य कर रहे है। हमारे पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमित गर्ग, विकास गौतम, विकास यादव, पंकज नामदेव, धीरेन्द्र द्विवेदी, अनुभव रावत, एवं वर्तमान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तृप्ति जैन, हेमंत गुप्ता, अशोक चौहान, साक्षी सोनिया, आदित्य दुबे, महक बडगैया, विवेक गौतम, सतीश साहू, रामकुमार, मिथलेश कुमार, शुभम श्रीवास, नरेन्द्र कुशवाहा, अंकित सोनी, सोनाली ताम्रकार, युवा/महिला मंडल के साथी गण कटनी जिले को कोरोना बीमारी से मुक्ति दिलाने में दिन-रात कार्य कर रहे है।

## पंचतत्व में विलीन हुए बरही के भागवताचार्य लक्ष्मीदत्त त्रिवेदी

**बरही।** नगर के गौरव, परम विद्वान, ब्राम्हण समाज तहसील अध्यक्ष, एसबीआई के सेवानिवृत्त प्रबंधक पंडित लक्ष्मीदत्त त्रिवेदी शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए।



बरही नगर के उमेश त्रिवेदी, अधिवक्ता आलोक, दीपक त्रिवेदी, प्रवीण त्रिवेदी के पिता पंडित लक्ष्मीदत्त त्रिवेदी का बैकुंठगमन शुक्रवार की रात 9 बजे हो गया था, जिनका अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह बरही में किया गया। श्री त्रिवेदी विगत दो माह से अस्वस्थ थे और भोपाल तथा कटनी में उपचाररत थे। वे अपने आत्मबल एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से कोरोना जैसी भीषण बीमारी को मात दे दी थी और निरंतर उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा था, लेकिन विधाता को शायद कुछ और ही मंजूर था। उनके देहावसान की जानकारी सुनकर समूचे बरही क्षेत्र में मातम छा गया। पुण्यात्मा को सद्गति प्रदान करने एवं त्रिवेदी परिवार को दुख की घड़ी में सम्बल प्रदान करने परमात्मा से प्रार्थना करते हुए नगरवासियो ने शोक श्रंद्धांजलि अर्पित की है।

## नगर निगम के चारों जोन कार्यालयों में संचालित होंगे कोविड सहायता केन्द्र

### नागरिकों को मिलेगी सुविधा

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार किल कोरोना-3 अभियान के तहत आमजनों की सुविधा के लिए 7 मई से 25 मई तक किल कोरोना-3 अभियान संचालित किया जाना है। किल कोरोना-3 अभियान की अवधारणा सर्दी, खांसी, बुखार के लक्ष्ण युक्त रोगिंयों के प्राथमिक उपचार एवं सर्वेलेन्स हेतु की गई है। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा अभियान के क्रियान्वयन एवं आमजनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम के चारों जोन कार्यालयों में वार्ड क्रमांक 1 से 11 तक के नागरिकों हेतु जोन क्रमांक 1 न्यू बस स्टेण्ड आडिटोरियम परिसर, वार्ड क्रमांक 12 से 21 तक के नागरिकों हेतु जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाडी भवन में, वार्ड क्रमांक 22 से 33 तक के नागरिकों हेतु जोन क्रमांक 3 टी सी बजान विद्यालय परिसर तथा वार्ड क्रमांक 34 से 45 तक के नागरिकों हेतु जोन क्रमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय में जोन प्रभारी



नियुक्त कर अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाकर कोविड सहायता केन्द्रों में उपस्थित रहकर जिला स्वास्थ्य विभागए महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये है। अभियान के तहत प्रत्येक कोविड सहायता केन्द्र पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, रहवासी संघ के सदस्यों तथा अशासकीय स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से किल करोना समिति का गठन करनें एवं शासन निर्देशानुसार केन्द्रों मे व्यवस्थांए उपलब्ध करानें का दायित्व संबंधित जोन प्रभारी को दिए गए है। निगमायुक्त ने नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कोविड सहायता केन्द्रों एवं आसपास के स्थलों की रोजाना साफ सफाई, कीटनाशक दवा का छिडकाव, सैनेटाइजेशन, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था विद्युत व्यवस्था, कुर्सी टेबिल की व्यवस्था कराने, तथा बैनर फ्लेक्स सोशल मीडिया, समाचार पत्र तथा कोरोना जागरूकता रथ एवं कचरा संग्रहण वाहनों मे लगे माईक के माध्यम से अभियान का प्रचार. प्रसार करनें के निर्देश प्रदान किये है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 08 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# कोरोना की चेन तोड़ने सख्त चैकिंग







**जिले में कराया गया कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन,आरआर टीम ने की कार्यवाही**

**कटनी।** कोविड-19 संक्रमण की चेन तोड़ने के उद्देश्य से गृह विभाग के निर्देशों एवं जारी आदेश के तहत जिले में अब कोरोना प्रभावशील है। सम्पूर्ण जिले में कोरोना कर्फ्यू का शुक्रवार भी को सख्ती से पालन कराया गया। प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुमति प्राप्त गतिविधियों का ही संचालन जिले में हुआ। जिले में कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही भी पुलिस प्रशासन की टीम के द्वारा की गई। सम्पूर्ण जिले में समस्त थाना क्षेत्रों में अलग-अलग चैक प्वाइंट बनाकर अनावश्यक घूमने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी पुलिस की टीम कर रही है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा सतत रुप से लॉकडाउन की गतिविधियों की मॉनीटरिंग की जा रही है। साथ ही आवश्यकता अनुसार अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने पुलिस की टीम को लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा कि अनावश्यक सड़क पर घूमने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करें। प्रारंभिक तौर पर प्रतीकात्मक रुप से ही सही कोविड-19 चलित जेल में उन्हें रखा जाये। साथ ही आवश्यकता अनुरुप विधिसम्मत कार्यवाही भी पुलिस की टीम करे। जिले में सुबह से ही सभी आरआर टीम प्रभावी लॉकडाउन के लिये सक्रिय रहीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीएम रोहित सिसोनिया, एसडीएम बलबीर रमन, एसडीएम प्रिया चन्द्रावत, सीएसपी शशिकांत शुक्ला सहित समस्त तहसीलदार, एसडीओपी, थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत् भ्रमण किया। साथ ही लॉकडाउन को लेकर आवश्यक कार्यवाही भी उनके द्वारा की गई। इस दौरान अनावश्यक व अकारण घूमने वालों पर संयुक्त दलों द्वारा कार्यवाही भी की गई। नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने सुबह से ही निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे के नेतृत्व में अपने-अपने मोर्चे संभाले। शहर की साफ सफाई, सैनीटाईजेशन, सब्जी मंण्डी की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था को लेकर नगर निगम का अमला व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने फील्ड पर सक्रिय रहा।



## नगर को साफ एवं संक्रमण मुक्त रखने के प्रयास

कटनी। कोरोना संक्रमण काल में नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू रखी जाकर नगर को संक्रमण मुक्त बनाये रखनें हेतु निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा दो पालियों के माध्यम से नगर के सार्वजनिक मार्गों /नाले-नालियों, कोविड केयर सेंटर, चिकित्सालयों, वेक्सीनेंशन सेंटर, कोविड जांच केन्द्र, शमशान घाट सहित चिन्हित माईक्रो कंटेंनमेंट क्षेत्रों की सफाई की जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव एवं सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन मे निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा विगत रात्रि माधवनगर उपनगरीय क्षेत्र स्थित एम.ई.एस लाईन, डायमंड स्कूल रोड, ए.डी.एम लाईन, बाम्बे स्वीट्स, बाबा माधवशाह हास्पिटल लाइन, ग्राम पंचायत चैराहा, चावला चैक, नमक गोदाम रोड, मेन बाजार, नदी पार मुख्य मार्ग, बस स्टेण्ड परिसर, पन्ना रोड, बरही रोड आदि स्थलों की सफाईका कार्य कराया गया। सफाई व्यवस्था के तहत ट्रांसपोर्टनगर पुरैनी स्थित थोक सब्जी मंडी एवं अन्य चिन्हित स्थलों में सफाई कर्मचारियों की दलेल के माध्यम से सफाई कार्य कराया जाकर संक्रमण से बचाव हेतु निर्धारित दूरी पर चूने की लाईनिंग एवं गोले बनानें का कार्य, दिव्यांचल कोविड केयर सेंटर एवं एम.जी.एम. हास्पिटल के बायोमैडिकल कचरे के उठाव का कार्य कराया गया। नगर को साफएवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये गए। नगर के विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत पन्ना मोड गली नंबर तीन, महात्मा गांधी वार्ड साहू गली एवं पंडित गली की नालियों, राम मनोहर लोहिया वार्ड हरिजन बस्ती पीपल घाट, राजीव गांधी वार्ड बैलट घाट बस्ती, कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला पूर्व पार्षद के घर के सामने सफाई का कार्य कराया गया।

## प्रवासी श्रमिकों की सहायता के लिए बना कंट्रोल रुम

**कटनी।** कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों की सहायता एवं समन्वय हेतु राज्य नोडल अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। जिनके परिपालन में प्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर में श्रम विभाग के राज्यस्तरीय कोविड कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है। इस कन्ट्रोल रुम का फोन नंबर 0731-2535108 है। जिसमें राज्य नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को भी नियुक्त करते हुये आदेश जारी किये गये हैं। आदेश के तहत अपर श्रम आयुक्त प्रभात दुबे मोबाईल नंबर 9425071900 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही सहायक श्रम आयुक्त आशीष पालीवाल मोबाईल नंबर 9826091698 को सहायक नोडल ऑफीसर, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा जितेनद्र व्यास मोबाईल नंबर 7987857743 को सहायक नोडल ऑफीसर, श्रम पदाधिकारी गोपाल स्वामी मोबाईल नंबर 926087678 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त किये गये सभी अधिकारी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जारी गाईड लाईन अनुसार कार्य संपादित करेंगे।

**टीका लगवाने पहुंच रहे लोग**

# आज 45 केन्द्रों पर वैक्सीनेशन

**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। पूर्व में 45 वर्ष से 59 वर्ष की आयु के लोगों को गंभीर बीमारी होने के चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती थी, जिसे वर्तमान में समाप्त कर दिया गया है। 45 वर्ष एवं उससे से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति टीकाकरण करवा सकता है। 8 मई को जिले में शासकीय क्षेत्र की 45 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज कटनी शहरी क्षेत्र के अंतर्गत कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर, अर्बन पीएचसी प्रेम नगर, अर्बन पीएचसी लखेरा, ऑर्डिनेन्स फैक्टी हॉस्पिटल, एसीसी हॉस्पिटल कटनी, रेल्वे हॉस्पिटल में टीकाकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बड़वारा क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा, एसएसची बरछेंका, एसएचसी अमाड़ी, एसएचसी विलायत खुर्द, एसएचसी सकरीगढ़, बहोरीबंद क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी बाकल, पीएचसी तेवरी, एसएचसी मसंधा, एसएचसी कुआं, एसएचसी कौड़ियां, एसएचसी बम्हौरी में 8 मई को कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है।





### ढीमरखेड़ा, कन्हवारा और रीठी में भी हो रहा वेक्सीनेशन

ढीमरखेड़ा क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएससी ढीमरखेड़ा, पीएचसी खमतरा, पीएचसी सिलौंड़ी, कन्हवारा क्षेत्र अन्तर्गत पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, पीएचसी बड़ेरा, एसएचसी जुहला, एसएचसी कौड़िया, एसएचसी पिपरौंध, रीठी क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी, पीएचसी बिलहरी, पीएचसी बड़गांव, एसएचसी देवगांव, एसएचसी इमलाज, बरही क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही, एसएचसी कुआं, एसएचसी खितौली, विजयराघवगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, पीएचसी सिनगौड़ी, एसएचसी हन्तला, एसएचसी भैंसवाही, एसएचसी देवराकलां में कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है।





## सचिवों को कोरोना योद्धा घोषित नहीं कर रहा प्रशासन

### सरकार के आदेश पर नहीं हो रहा अमल, पंचायत सचिव संगठन ने मांगों को लेकर रीठी सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**रीठी।** राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण को देखते हुए पंचायतों में कार्यरत सचिवों और सहायक सचिवों को कोरोना योद्धा घोषित करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन प्रदेश के कई जिलों में सरकार के निर्देशों का अमल नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर मप्र पंचायत सचिव, सहायक सचिव संगठन जनपद पंचायत रीठी द्वारा विगत दिवस तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन रीठी सीईओ को सौंपकर कहा है कि 9 मई तक यदि सचिवों और सहायक सचिवों को कोरोना योद्धा घोषित करने के आदेश जारी नहीं किए जाते हैं तो 10 मई से काम, कलम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत सचिवों एवं सहायक सचिवो समेत ग्रामीण विकास विभाग के जमीनी अमले को कोरोना महामारी के दौरान कोरोना योद्धा घोषित करने के लिए विगत 26 अप्रैल को कलेक्टर को आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद प्रदेश के अधिकांश कलेक्टर द्वारा इस पर अमल नहीं किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि कोरोना महामारी के बीच ड्यूटी करते हुए मप्र में 50 से अधिक सचिव एवं सहायक सचिवों की मृत्यु हो चुकी है, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा प्रदेश के 46 हजार सचिवों एवं सहायक सचिवों को कोरोना योद्धा घोषित नहीं किया जा रहा है। बिना सक्षम अधिकारी की लिखित ड्यूटी आदेश जारी किए वाट्सअप मैसेज के माध्यम से काम कराया जा रहा है। पंचायत सचिव संगठन एवं सहायक सचिव संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है कि यदि 9 मई तक मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो प्रदेश भर के सचिव एवं सहायक सचिव मजबूरन 10 मई से काम, कलम एवं कार्यालय बंद करके अपने परिवार की चिंता करते हुए अपने घर पर रहेंगे। कोरोना योद्धा नहीं तो काम नहीं के लिए बाध्य होंगे। संगठन की मुख्य मांगों में शासन स्तर से कोरोना योद्धा के आदेश के नाम पर आंख मिचौली न करते हुए स्पष्ट लिखित आदेश जारी किए जाएं। प्रदेश भर में सचिवों एवं सहायक सचिवों से वाट्सअप मैसेज के माध्यम से कोरोना संक्रमण के दौरान ड्यूटी कराई जा रही है, जिसमे कोरोना गाइडलाइन के अनुसार किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर से किए जाने वाले कार्यों को स्पष्ट करते हुये ड्यूटी आदेश जारी कराये जाएं एवं दिवंगत सचिव एवं सहायक सचिवो के परिजनों को तत्काल 50-50 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाए।

**कहा-9 मई तक मांगे पूरी नहीं तो 10 मई हड़ताल**

# गौशाला संचालन के लिए 7 महीने से नहीं फंड

### फंड की कमी के चलते गौशाला चलाने में आ रही दिक्कतें, घनिया गौशाला संचालकों ने दुधारू गाय को छोड़कर बाकी मवेशियों को भगाया

**रीठी।** जिले के ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में स्थित शासकीय गौशालाएं फंड की कमी से जूझ रही है। गौशालाओं को 7 महीने से फंड का आवंटन नहीं किया गया है। जिसकी वजह से गौशालाओं का संचालन कर रहे स्व-सहायता समूहों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक ग्राम पंचायतों द्वारा मदद की जा रही थी लेकिन अब पंचायत के कर्ताधर्ताओं ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। जिसके चलते अब गौशालाओं में मवेशियों को रखना मुश्किल हो रहा है। जनपद पंचायत रीठी के के अंतर्गत ग्राम पंचायत घनिया में ब्रजधाम गौशाला की हालत बद से बदत्त हो गई है। यहां 100 गौवंश रजिस्टर थे, जिन की देखभाल स्व सहायता समूह द्वारा की जा रही थी लेकिन फसल कटने के बाद से घनिया गौशाला के मवेशी गौशाला संचालकों द्वारा भगा दिए गए हैं। घनिया सरपंच निरंजन सिंह एवं गौ शाला संचालन कर रहे स्वसहायता समूह के कार्यकर्ता, चरवाहा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा संचालित इस गौशाला में ग्रांड फंड नहीं आने से खर्च की पूर्ति नहीं हो पा रही है। विगत 7 माह से पैसा नहीं मिलने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं, इसलिए देखरेख कर रहे समूह ने गायों को गौशाला से बाहर कर दिया है। सरपंच ने यह भी बताया कि फंड आवंटित नहीं होने से गौ शाला का संचालन कर रहे स्वसहायता समूह चारा भूसा की व्यवस्था कर रहे थे। ग्राम पंचायत द्वारा भी हर संभव सहयोग दिया जा रहा था। इन सारी समस्याओं की शिकायत जनपद रीठी के सीईओ प्रदीप सिंह को मौखिक एवं लिखित रूप से की जा चुकी है, इसके बावजूद भी आज तक गौ-शाला संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है। सरपंच के अनुसार रीठी जनपद सीईओ द्वारा घनिया गौ शाला के फंड आवंटन व अन्य समस्याओं के बारे में जिला पंचायत को पत्राचार किया गया है किंतु जिला पंचायत के मुखिया द्वारा इस गंभीर समस्या के निदान हेतु कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जिसके चलते करीब आधा करोड़ रूपए की लागत से बनी गौशाला का संचालन करना मुश्किल हो रहा है। इस मामले में कलेक्टर से हस्तक्षेप करने की अपेक्षा की गई है।







**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी**

क्रमांक/ 4184 /का0यां0/ नि. प्रको./ लो0 स्वा0 यां0/ परि0 खण्ड/ 21 कटनी, दिनांक 05.05.2021

**निविदा आमंत्रण**

**सूचना क्रमांक 01-05/2021-22**

ई-टेण्डरिग पद्धति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हेड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंपहाउस/ सम्पवेल निमार्ण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्र. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/21-22 | 2021_PHED_141674 | RITHI | 3 | 167.29 | 167290 | 12500 | 6 माह | Registered under |
| 02/21-22 | 2021_PHED_141675 | RITHI | 2 | 151.69 | 151690 | 12500 | 6 माह | M.P. PWD new |
| 03/21-22 | 2021_PHED_141676 | RITHI | 2 | 124.32 | 124320 | 12500 | 6 माह | centralized |
| 04/21-22 | 2021_PHED_141678 | RITHI | 5 | 165.95 | 165950 | 12500 | 6 माह | registration |
| 05/21-22 | 2021_PHED_141693 | RITHI | 3 | 168.05 | 168050 | 12500 | 6 माह | Scheme |

ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथी - 24.05.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथी - 24.05.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी - 26.05.2021 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे।

जी-12338/21

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी
फोन नं.- 07622-225752

दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें**
फोन :- 230033

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**विशेषतायें**

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# आसमान छू रहे खाद्य तेल का दाम

## 150 से 170 रुपये में बिक रहा, शक्कर सहित अन्य सामानों के दाम भी बढ़े

## आपदा को अवसर बना लिया व्यापारियों ने, कालाबाजारी करने वालों पर कब होगी कार्यवरही

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के चलते जिले में आगामी 17 मई तक लॉकडाउन बढ़ा दिया गया है, इस बीच दैनिक उपयोग में आने वाले सामानों के दाम भी आसमान पर पहुंच गए हैं। व्यापारियों ने आपदा को अवसर बना लिया है। लॉकडाउन के चलते बाजार बंद होने से किराना सामग्रियों के भाव आसमान छू रहे हैं। यह सिर्फ और सिर्फ कालाबाजारी से हो रहा है। इस पर जिला प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं दिख रहा है। लॉकडाउन में लोगों को किराना सामग्री मिलती रहे, इसके लिए होम डिलिवरी करने वाले दुकानदारों की लिस्ट तो जारी कर दी गई है, लेकिन बाकी रिटेलर सुबह से जो लूट मचाते हैं, उस पर कोई नियंत्रण नहीं हैं। इस बार निगरानी के लिए कोई टीम भी नहीं बनी है और न ही अब तक कोई औचक जांच प्रशासन द्वारा कराई गई। बाजार में इन दिनों खाद्य तेल की कीमतें आसमान छू रही है।



फुटकर में तेल 150 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति लीटर में बेचा जा रहा है। लोगों की मजबूरी का किस तरह फायदा उठायाजा रहा है, इसका जीता जागता उदाहरण शहर के गोलबाजार में देखा जा सकता है। यहां पुलिस की नाक के नीचे ही कतिपय किराना दुकान संचालकों को शटर उठाकर सामान बेचते हुए आसानी से देखा जा सकता है। थोक कारोबार रिटेलरों को सुबह 7 से लेकर 9 बजे तक ही सामान दे रहे हैं। शक्कर 40 रुपये, राहर दाल 110 से 120 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। अधिकांश सामग्री का मनमाना दाम वसूल किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण के चलते ग्राहकों के साथ गंभीर समस्या है कि आपदा के समय किसी तरह उनको किराना सामग्री मिल जाए। सुबह से ही यही जद्दोजहद रहती है। किराना कारोबारी जिस सामग्री का जितना दाम मांगते हैं, मजबूरी में उतना देना पड़ रहा है। रेट पूछने व अधिक वसूली पर यदि कोई बात कारोबारी को कही जाती है तो उनको सिर्फ यह कह दिया जाता है कि हमको तो खुद इस रेट पर मिली है तो आपको इस रेट पर तो देंगे ही। जल्दी लेना है तो बताइये नहीं तो अभी पुलिस की गाड़ी आ जाएगीए दुकान बंद करनी पड़ जाएगी। आपके कारण 5 हजार रुपये जुर्माना भरना पड़ेगा वह अलगए मोलभाव का समय नहीं है। और इस तरह से ग्राहक लुट रहा है। बताया जाता है कि लॉकडाउन के समय सुबह-सुबह कुछ किराना दुकानें खुल रही हैं व कुछ लोग होम डिलेवरी के माध्यम से लोगों तक किराना सामग्री पहुंचा रहे हैं। वहीं कुछ कारोबारी चोरी.छिपे कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में जिन रिटेलरों को दुकान खोलने की अनुमति है उनको थोक कारोबारी से कब और कैसे सामग्री आसानी से प्राप्त करना है यह तय नहीं है। जानकारों की मानें तो रिटेलर रात में चोरी-छिपे सामग्री लाते हैं, उसे सहेजते हैं और फिर सुबह से मनमाने दाम पर विक्रय करते हैं।

# रिटेल दवा व्यवसायियों को भी माना जाए कोरोना वारियर्स

**कटनी।** शहर में एक और दवा व्यवसाई की मृत्यु पर दवा व्यवसायियों में बेचैनी का माहौल है। रिटेल दवा एसोसिएशन के मोनी जैसवानी, संजय जायसवाल ने कहा कि कोरोना काल को एक साल से ज्यादा हो गया है, उसमें सभी रिटेल एवं होलसेल दवा व्यवसाई पूरी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ शहर की जनता के साथ उनकी आवश्यक जीवन दायिनी दवाओं की आपूर्ति करने प्रयासरत रहे हैं। इस दौरान कई दवा व्यवसायियों ने स्वयं ही जान गवाई। कईयों के परिजनों की भी जान गई। यहां तक की एक मेडिकल स्टोर्स के दो पुरुष सदस्य की 10 दिन के अंतराल में ही मृत्यु हो गई। उनके परिजनों के सामने अपनी जीविका चलाने के लिए समस्या खड़ी हो गई।

**कटनी रिटेल मेडिकल एसोसिएशन करमा ने उठाई मांग**

अब लगातार इन्हीं स्थितियों को देखते हुए पूर्व में भी दवा व्यवसायियों ने मुडवारा विधायक एवं कलेक्टर के माध्यम से समस्त दवा रिटेल दवा व्यवसायियों को कोरोना वारियर्स मानने मांग की थी। एक बार फिर से समस्त व्यापारी अपनी मांग उठा रहे हैं। सीधे मरीजों के संपर्क में आने वाले समस्त व्यवसायी अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत होकर व्यापार कर सकेंए क्योंकि यह निर्णय मुख्यमंत्री जीए अन्य उच्च स्तरीय माध्यम से ही हो सकता है। रिटेल दवा व्यवसायियों के साथ एक बड़ी समस्या यह भी है कि यदि वह स्वयं प्रोपराइटर एवं फार्मासिस्ट दोनों है तो उसके परिजन बिना फार्मासिस्ट के आगे व्यवसाय को नहीं चला सकते, जिससे उनके परिजनों को अपना परिवार चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# सरकारी स्कूल का शौचालय साफ करेगा दहेज प्रताड़ना का आरोपी

## स्कूल की स्वच्छता में भी करेगा सहयोग, हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत का लाभ देते हुए सुनाई अनूठी सजा

**कटनी।** जबलपुर उच्च न्यायालय ने अभिनव पहल करते हुए कोतवाली के नईबस्ती क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत देने के लिए अनूठी व सुधारात्मक शर्त रखी है। जस्टिस शील नागू की सिंगल बेंच ने कहा कि आरोपी अपने नजदीकी सरकारी प्राथमिक शाला में स्वच्छता व आरोग्य सुनिश्चित करने के लिए शारिरिक एवं वित्तीय सहायता करेगा। अपने संसाधनों व कौशल से स्कूल की अधोसंरचनात्मक सुविधाओं की कमियां दूर करेगा। कोर्ट ने कटनी डीईओ व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को कहा कि वे इस सामुदायिक सेवा में आवेदक को प्रोत्साहित करें। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता नजदीकी प्राथमिक स्कूल में आरोग्य, स्व्च्छता व अधोसंरचनात्मक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक व शारीरिक सहयोग दे। विद्यालय का चयन कर इसकी सूचना सम्बंधित ग्राम पंचायत या वार्ड अधिकारी को सूचित करे।



आदेश की प्रति राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सहायता अधिकारी के जरिए कटनी डीईओ व संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तक पहुंचाई जाए। कोर्ट ने आवेदक की अर्जी मंजूर कर उसे केस चलने तक भारत न छोड़ने सहित अन्य शर्तों पर अग्रिम जमानत का लाभ दे दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता योगेश सोनी के तर्क से सहमत होकर अग्रिम जमानत देने की मंशा जाहिर की। कोर्ट ने अधिवक्ता सोनी से आवेदक की शिक्षा के बारे में पूछा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आवेदक स्नातक है। इस पर कोर्ट ने आवेदक को सरकारी स्कूल में सेवा का सुधारात्मक आदेश दे दिया।

### क्या है मामला

कोतवाली कटनी के नई बस्ती क्षेत्र निवासी भारत छावड़ा की ओर से अर्जी दायर की गई। अधिवक्ता योगेश सोनी ने कोर्ट को बताया कि आवेदक के भाई का विवाह 20 अप्रेल 2019 को हुआ। शादी के बाद पति-पत्नी में विवाद के चलते उसकी भाभी ने ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस में दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई। इस पर कोतवाली पुलिस ने आइपीसी की धारा 498ए, 323, 506 सहपाठित 34 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं 3,4 के तहत आवेदक व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। इसी मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए आवेदक की ओर से यह अग्रिम जमानत की अर्जी प्रस्तुत की गई।


# नगर के विभिन्न रहवासी क्षेत्रों सहित कोविड केयर सेंटर सैनेटाइज

**कटनी।** कोराना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना चलाये जा रहे सैनेटाइजेशन अभियान के तहत नगर के वार्डो के अधिक से अधिक स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव करनें के उद्धेश्य से निगम प्रशासन द्वारा मिस्ट गन मशीन एवं कोरोना विनाशक रथों द्वारा विभिन्न रहवासी क्षेत्रों सहित चिन्हित माईक्रो कंटेनमेंट जोन, कोविड केयर सेंटर आदि स्थलों में छिड़काव किया कर विसंक्रमित करने की कार्यवाही निरंतर जारी है। सैनेटाईजेशन प्रभारी पंकज निगम एवं अभिषेक बघेल नें जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निरंतर चलाये जा रहे सैनेटाइजेशन अभियान के तहत आज चंडिका चन्द्र, शेखर आजाद वार्ड मरही माता गली, नगीना मस्जिद के पीछे वाली गली, महात्मा गांधी वार्ड स्थित राजेश बिलि्डग के पास, पूर्व पार्षद गली, गांधी गंज क्षेत्र, जयप्रकाश वार्ड स्थित आदर्श कॉलोनी स्थित सांई बिल्डिग गली एवं सांई मंदिर के पास सैनेटाइजेशन किया गया। इसी तरह सरस्वती स्कूल, संतनगर, पेठा गली, गांधी द्वार मुख्य मार्ग से अहिंसा चैराहा होते हुए शासकीय जिला चिकित्सालय तक, राजीव गांधी वार्ड में माता मंदिर के बगल वाली गली एवं रबर फैक्ट्री रोड, राम जानकी हनुमान वार्ड के विभिन्न स्थलों आदिवासी बस्ती, नाईस मेडिकल के सामने वाली गली, साहू किराना शनिदेव मंदिर के पास वाली गली, आई.टी.आई के पीछे गली, सांई पुरम कॉलोनी, सहित वार्ड के माईक्रो कंटेनमेंट जोन, राहुल बाग मल्टी के चारों ओर एवं बेस मेंट, द्वारिका सिंटी, मानसरोवर कॉलोनी स्थित कंटेनमेंट जोन एवं मुक्तिधाम परिसर, कावस जी वार्ड की संपूर्ण बस्ती एवं मुक्तिधाम परिसर, सी.एल.पी पाठक वार्ड स्थित मुख्य मार्ग, डन कॉलानी की संपूण गलियों, मंगल नगर स्थित कंटेनमेंट जोन, शुभ सिटी, आयुध निर्माणी कॉलोनी सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में कोराना विनाशक रथों एवं मिस्ट गन मशीन के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड का छिड़काव जाकर स्थलों को सैनेटाइज किया गया। नगर के अन्य स्थलों दिव्यांचल कोविड केयर सेंटर, सायना कोविड केयर केन्द्र, राय कॉलौनी छात्रावस, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस लाईन, जिला चिकित्सालय परिसर, पुरानी कचहरी, जिला न्यायालय वैक्शीनेशन केन्द्र परिसर, कोविड जांच केन्द्र जैन माध्यमिक शाला, दीनदयाल अन्त्योंदय रसोई क्रेन्द्र क्रामंक 2 सहित अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।




# 722 सेम्पल की रिपोर्ट में 101 नए पॉजीटिव केस

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में हर दिन कमी देखने को मिल रही है। पिछले कुछ दिनों से 150 से कम पॉजीटिव केस मिलने के बाद आज जिले में 101 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अब ज्यादा संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 722 सेम्पल की रिपोर्ट में 101 नए मरीज मिले हैं। जिसमे मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 427 सेम्पल की रिपोर्ट में 56 और रेपिड एंटीजन टेस्ट की 295 सेम्पल की रिपोर्ट में 45 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। इस तरह आज संक्रमण की दर 13 प्रतिशत के आसपास रही। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने बताया कि जैन स्कूल में बनाए गए कोविड जांच केन्द्र में अब कम ही लोग सेम्पलिंग कराने के लिए आ रहे हैं। ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने से लोगों को सुविधा मिली है। अब यहां न तो पहले जैसी भीड़ उमड़ रही है और न ही उतने लोगों की सेम्पलिंग हो रही है। सीएमएचओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण पर रोक लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां गांव-गांव टीमें घूमकर लोगों की सेम्पलिंग कर रही है। इसके अलावा प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसाड़ी और कन्हवारा में भी लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से हर दिन 700 से 800 लोगों की जांच की जा रही है। सेम्पलिंग बढ़ने के बाद भी संक्रमण की दर 20 प्रतिशत से नीचे आ गई है।




# मुड़वारा स्टेशन में चलाया रोको-टोको अभियान

## यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग से की गई जांच

**कटनी।** रोको टोको अभियान एवं अन्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। संक्रमण के प्रसार पर अंकुश लगानें के उद्धेश्य से निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा आज प्रातः मुडवारा रेल्वे स्टेशन, कटनी साउथ स्टेशन सहित पुरानी कचहरी स्थित वैक्शीनेशन प्रांगण में रोको-टोको अभियान का संचालन किया जाकर स्टेशन परिसर में आने जाने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाकर नागरिकों कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मुंह एवं नाक को मास्क अथवा कपड़े से ढककर रखनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा साबुन से हांथों को धुलनें अथवा सैनेटाईजर का उपयोग कर स्वयं को एवं अपनें परिवार को संक्रमण से सुरक्षित रखनें की समझाईश दी गई। पुरानी कचहरी स्थित प्रांगण में वैक्शीनेशन करानें हेतु आनें वाले नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पडे इस हेतु टीम के सदस्यों द्वारा प्रातः से वैक्शीनेशन केन्द्र पहुंचकर नागरिकों को क्रमबद्ध कर वैक्शीनेशन कराने सहित परिसर की अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया गया।



# टोल फ्री नंबर पर हर दिन आ रही एक सैकड़ा शिकायतें

## नगर निगम के कंट्रोल रूम से हो रहा शिकायतों का निराकरण

**कटनी।** कोविड -19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की सुविधा हेतु लॉकडाउन की अवधि में निकाय की सेवाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस कंट्रोल रूम के लिये फोन नंबर 07622-220877 तथा टोल फ्री नंबर 18002330877 जारी किया गया है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से आठ-आठ घंटों की तीन पालियों में कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। जो 24 घंटे निकाय की सेवाओं से संबंधित शिकायतों को प्राप्त कर उनके शीध्र निराकरण के लिये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी प्रभारी कार्यालय अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से शुक्रवार की प्रातः से दोपहर 2 बजे तक प्राप्त 107 शिकायत दर्ज की गई है। जिन्हें संबंधित शाखा की ओर प्रेषित करते हुए 100 शिकायतों का निराकरण कराया जा चुका है। शेष 7 शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधितों को निर्देशित किया है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने नागरिकों से लॉकडाउन के नियमों का पालन कर करोना संक्रमण से बचनें तथा निकाय से संबंधित शिकायतों का निराकरण घर बैठे ही कंट्रोल रूम नंबर 07622-220877 तथा टोल फ्री नंबर 18002330877 नंबर के माध्यम से करानें की अपील की है।



# कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, नालियों की सफाई


## कोरोना संक्रमण रोकने युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा सफाई अभियान






**कटनी।** कोविड -19 के संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगम प्रशासन द्वारा सत्त प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे के निर्देशन में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित कीटनाशक दवा का छिड़काव, रोको-टोको अभियान से संक्रमण के प्रति जागरूकता सहित वृहत रूप से सैनेटाइजेशन अभियान चलाकर सोडियम हाईपोक्लोराईड का छिड़काव कर रोजाना विसंक्रमित करने की कार्यवाही की जा रही है। सैनेटाइजर प्रभारी पंकज निगम एवं अभिषेक बघेल ने बताया कि आज चलाये गए अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थलों राम नगर, कुठला स्थित इंडियन होटल के पीछे लाला मोहल्ला, नदीपार रविदास चौक, कैलवारा रोड, रचना नगर सहित राम मनोहर लोहिया वार्ड के विभिन्न स्थलों, नई बस्ती स्थित ब्रम्हा जसूजा क्लीनिक के पास, जगमोहनदास वार्ड सरस्वती स्कूल के आगे, रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित शिवहरे किराना के पास वाली गली, अनिल सिंह वाली गली, चौबे आटा चक्की, गुप्ता किराना स्टोर, हेंमंत सोनी जी वाली गलियों के विभिन्न स्थलों, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित मम्मू मेडिकल के पास, सांई पुरम कॉलोनी सहितं अन्य क्षेत्रों, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित, गणेश चौक, व्ही.आई.पी रोड, डा प्रवीण वैश्य हास्पिटल गली, जौहर गली मेन रोड, सूरी गली, सिविल लाईन आदि क्षेत्रों में छिडकाव कार्य कराया गया। संक्रमण से बचाव हेतु दुबे कॉलोनी लिटिल स्कूल के पास वाले क्षेत्र, एन.के.जे रामकुमार स्कूल के पास, मानसरोवर कॉलोनी, बरगवां मुख्य मार्ग, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, मंगलनगर, डन कॉलोनी, जय हिंद चौक, नेनसी स्कूल के पास, राजू गुप्ता के घर के आसपास सहित नगर के अन्य स्थलों में कोरोना विनाशक रथों एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एन.के.जे कॉलोनी में मिस्ट गन मशीन के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया। नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सहित शासकीय कार्यालयों में की गई कार्यवाही के तहत दिव्यांचल कोविड केयर सेंटर, सायना कोविड केयर सेंटर, सरस्वती स्कूल, दुर्गा चौक चैक पोस्ट, नगर निगम कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, बालक छात्रावास राय कॉलानी, झिंझरी पुलिस चौकी सहित अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।

# वार्डों में सेनेटाईजेशन, सड़कों पर सफाई





**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं आयुक्त श्रसत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा दो पालियों में नगर की सफाई कराई जाकर कोविड-19 संक्रमण के प्रसार पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नगर में किसी प्रकार से संक्रमण का प्रसार न हो सके इस हेतु रोजाना सार्वजनकि मार्गो सहित मलिन बस्तियों, कोविड केयर केन्द्र, वेक्सीनेशन केन्द्र सहित विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल वेस्ट की सफाई की जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ट्रांसपोर्टनगर पुरैनी स्थित थोक सब्जी मंडी परिसर बस स्टेण्ड परिसर के विभिन्न स्थलों सहित नगर के मुख्य मार्गो पन्ना मोड, इंदिरा नगर गली नंबर 4 लखन चौबे के घर के पास सफाई कार्य, घंटाघर कचरा प्वाइंट, गुरूनानक वार्ड की विभिन्न गलियों में दवा का छिडकाव कार्य, मिशन चैक, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, कावस जी वार्ड प्रेम वंशकार मलिन बस्ती की सडकों की सफाई सहित नगर के मुख्य मार्गो बरगवां ओव्हर ब्रिज के पास के डिवाईडर, सब्जी मंडी पुल से कुठला थाना तक मुख्य मार्गो तथा ट्रोसपोर्टनगर के पास डिवाईडर के दौनों ओर सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे इस हेतु विगत रात्रि उपनगरीय क्षेत्र स्थित माधवनगर के विभिन्न मुख्य मार्गो कैरिन लाईन, ए.डी.एम लाईन, बाम्बे स्वीट्स चैराहा, चावला चैक, नमक गोदाम रोड, ग्राम पंचायत चैराहा, एम.ई.एस कॉलोनी, डायमंड स्कूल रोड, बाबा नारायण शाह हस्पिटल, नदीपार के मुख्य मार्गो, रविदास चैराहा, मुक्तिधाम रोड, सूर्या होटल के सामनें, बस स्टेण्ड, बरही रोड, पन्ना रोड आदि स्थलों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर की नालियों के माध्यम से सुगमता से पानी की निकासी हेतु तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर गली नंबर -4 लखन चैधरी के घर के सामने नालियों की सफाई, राम मनोहार लोहिया वार्ड हरिबजन बस्ती की नालियों, महात्मा गांधी वार्ड हल्दीराम गली पंडित जी की कुलिया की नालियों, कावस जी वार्ड दरबारी लाल वंशकार के घर के सामनें की नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड की नालियों, माधवनगर उपकार्यालय के पीछे नालियों की सफाई, बाबा नारायण शाह वार्ड की विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई की जाकर नगर को साफएवं संक्रमण मुक्त रखने के प्रयास किये गए।

**शहर को संक्रमणमुक्त बनाने जुटे नगर निगम के स्वच्छता दूत**



## सूखे कुएं से महिला व बालक का शव बरामद

### शिनाख्त नहीं, पुलिस जांच में जुटी, विजयराघवगढ़ के हरदुआ में सनसनी

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआ से लगे खेतों में स्थित एक सूखे कुएं में एक महिला व एक बालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। समाचार लिखे जाने के तक दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस मर्ग कायम कर मृतकों के शिनाख्तगी के प्रयास में लगी थी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हरदुआ से लगे सुखीलाल यादव के खेत में स्थित कुआं सूख गया है। कुएं से तेज दुर्गंध आने पर आज सुबह ग्रामीणों ने झांक कर देखा तो कुएं के अंदर सलवार सूट पहने एक महिला का सड़ागला शव दिखाई दिया तथा महिला के समीप ही एक बोरी पड़ी थी। जिसमें भी मक्खियां भिनक रही थी। सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से महिला के शव और बोरी को बाहर निकलवाया तो बोरी के अंदर एक बालक की लाश मिली। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के मुताबिक दोनों आपस में मां-बेटे समझ में आ रहे हैं लेकिन स्पष्ट शिनाख्त होने के बाद ही होगा। पुलिस ने दोनों की शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।



### हत्या का संदेह

सूखे कुएं के अंदर जिस प्रकार से महिला का शव और बोरी में बंद बालक का शव मिला है। उससे यह मामला हत्या का ही लग रहा है। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है तथा सबसे पहले मृतकों की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं। शिनाख्त होने के बाद पुलिस को मामले की गुत्थी सुलझाने में आसानी होगी।



## सांसद कोविड केयर सेंटर पहुंचे विधायक संजय पाठक

**कटनी।** कोरोना वायरस जैसे अदृश्य दुश्मन से लड़ रहे मरीजों के लिए सायना इंटरनेशनल स्कूल में सर्वसुविधायुक्त सांसद कोविड केयर सेंटर स्थापित किया गया है। पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक गत दिवस सांसद कोविड केयर सेन्टर पहुंचे, जहां पर उन्होंने उपचाररत मरीजों और ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सीय स्टॉफ के साथ भेंट की। विधायक श्री पाठक ने इस दौरान सभी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपचारत मरीजों का मनोबल बढ़ाये हुये उत्साह वर्धन किया। श्री पाठक ने कहा कि कोरोना से आपकी जंग में पॉजिटिव सोच व ऊंचा मनोबल भी ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने में कारगर होगा। इस दौरान श्री पाठक ने सभी कहा कि आप योग करें, परिसर में चल रहें मधुर संगीत में खोकर नकारात्मक उर्जा को हटाकर सकारात्मक उर्जा का संचार करें। निश्चित ही जीत आपकी होगी। उल्लेखनीय है कि सांसद कोविड केयर सेंटर में जिला चिकित्सालय द्वारा दवाइयां, उपचार की किट प्रदान कर पूर्ण स्वस्थ होने तक मरीजों को रखा जा रहा है। ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए सांसद वीडी शर्मा द्वारा 20 ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर मशीन उपलब्ध कराई गई है। इन कोविड सेंटरों का एक उद्देश्य चिकित्सीय सामग्री के साथ सकारात्मक माहौल के साथ पृथकवास में रहते हुए संक्रमित व्यक्ति द्वारा संक्रमण और आगे न फैले व कोरोना की चैन टूटे, इस दिशा में प्रयास किये जा रहें है।

**मरीजों से की चर्चा, बढ़ाया मनोबल**

# ट्रेन के सामने कूदे प्रेमी प्रेमिका, दोनों की मौत

## कटनी-शहडोल रेलखंड पर झलवारा व रूपौंद के बीच घटना

**बड़वारा पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी**



**कटनी।** जबलपुर-कटनी रेलखंड पर डूंडी स्टेशन के समीप कुछ दिनों पूर्व ट्रेन के सामने कूदकर प्रेमीयुगल के द्धारा की गई आत्महत्या के मामले को अभी लोग भूले भी नहीं थे कि ऐसी एक घटना शुक्रवार की शाम कटनी-शहडोल रेलखंड के झलवारा व रूपौंद स्टेशन के बीच घटित हुई है। यहां भी एक प्रेमीयुगल के द्धारा ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोगरे ने बताया कि बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम नंहवारा सेझा निवासी 22 वर्षीय सुनील सिंह पिता मजबूत सिंह गौड़ के गांव की ही 16-18 वर्षीय सुधा पिता राजेन्द्र कोल से प्रेम संबंध थे। दोनों आपस में शादी भी करना चाहते थे लेकिन दोनों के परिवार वालों को यह बात बिल्कुल मंजूर नहीं थी। बताया जाता है कि प्रेम प्रसंग में असफल होने के बाद दोनों ने एक साथ जान देने की योजना बनाई और अपनी इसी योजना के तहत कल शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे दोनों कटनी-शहडोल रेलखंड पर झलवारा व रूपौंद स्टेशन के बीच रेललाइन के किनारे जाकर बैठ गए तथा किसी भी ट्रेन के आने का इंतजार करने लगे। इसी बीच उन्हे ट्रेन आते दिखी, जिसके सामने कूदकर दोनों ने एक साथ जान दे दी। गौरतलब है कि अभी कुछ दिनों पूर्व जबलपुर-कटनी रेलखंड पर डूंडी स्टेशन के समीप ऐसी ही एक घटना में एक-दूसरे को चुनरी से बांधकर प्रेमीयुगल ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी थी।

### गेटमैन ने दी सूचना

एक जानकारी में बताया जाता है कि ट्रेन के सामने कूदकर प्रेमीयुगल को आत्महत्या करते गेटमैन गुलाब बर्मन ने देखा और इसकी सूचना बड़वारा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रेमीयुगल के ट्रेन से कटे क्षतविक्षत शव अपने अधिकार में लेकर उन्हे पीएम के लिए बड़वारा अस्पताल भिजवाया। जहां आज पीएम के बाद दोनों के शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिए गए।

### मर्ग कायम जांच जारी-थाना प्रभारी

बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि युवक-युवती का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम किया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर आगें कार्रवाई की जाएगी।

## होम क्वारंटाइन के नए नियम, उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

**मरीज होम आईसोलेशन पर रहेगा या फिर कोविड सेंटर में, आरआरटी लेगी निर्णय, लक्षण रहित एवं कम लक्षण वाले पॉजीटिव केस को लेकर नए निर्देश**

# सेम्पल देते समय प्रत्येक व्यक्ति से लिया जा रहा स्व घोषणा पत्र

**कटनी।** कोरोना मरीजों के इलाज को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी नई गाइडलाइन पर अमल करते हुए प्रशासन द्वारा नए निर्देश जारी किए गए हैं। नए निर्देशों के मुताबिक अब सेम्पलिंग के समय प्रत्येक व्यक्ति से स्व-घोषणा पत्र भरवाया जा रहा है। जिसके के मुताबिक जब तक सेम्पल की रिपोर्ट नहीं आ जाती है, तब तक उसे अपने घर पर क्वारंटाइन रहना होगा और रिपोर्ट आने के बाद स्व घोषणा पत्र के अनुसार होम क्वांरटाइन और इंस्टीट्यूशनल क्वांरटाइन करने का निर्णय आरआरटी टीम द्वारा लिया जाएगा। टीम द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर ही मरीजों को या तो होम क्वांरटाइन या इंस्टीट्यूशनल क्वांरटाइन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने बताया कि कई मामलों में यह देखने में आया है कि लोग सेम्पल देने के बाद भी घरों और बाहर घूमते रहते हैं और बाद में उनके पॉजीटिव होने के बाद पूरा का पूरा परिवार संक्रमित हो जाता था। संक्रमण पर रोक लगाने की दिशा में ही शासन स्तर पर यह निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि हर दिन बड़ी संख्या में पॉजीटिव केस निकल रहे हैं। संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। अब



प्रोटोकॉल का उल्लंघन करना महंगा पड़ सकता है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने असिम्टोमेटिक तथा अतिमंद लक्षण वाले कोविड 19 के पुष्ट केसों के लिए होम आईसोलेशन की व्यवस्था के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर, समस्त आरआरटी प्रभारी को निर्देश दिये हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि कोविड पॉजीटिव केस के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। होम क्वांरटाइन के लिये पॉजीटिव केसों के चिन्हांकन कार्य में नए मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं। जिसमें लक्षण रहित असिम्टोमेटिक वाले केस, अतिमंद लक्षण वाले पॉजीटिव केस, 60 वर्ष से नीचे वाले केस, 60 वर्ष से उपर वाले केस जिनमें को-मॉर्बिब कंडीशन नहीं है। कोविड पॉजीटिव के परिवार के सदस्य और स्टेबल केसेस के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं।

### नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्यवाही

नए निर्देशों के तहत होम आईसोलेशन के मापदण्ड के अनुसार किन कोविड मरीजों को होम आईसोलेशन अथवा इंस्टीट्यूशनल कोरेन्टाईन में रखा जाएगा, इसका निर्धारण प्रत्येक केस के आधार पर आरआरटी द्वारा किया जाएगा। आरआरटी सेम्पलिंग के समय प्रत्येक व्यक्ति द्वारा भरे गए घोषणा पत्र का अध्ययन कर एवं मौके से उक्त भरी गई जानकारी का सत्यापन कर होम क्वांटाइन अथवा इंस्टीट्यूशनल क्वांटाइन करने का निर्णय लिया जाएगा। संक्रमित व्यक्ति द्वारा होम क्वारंटाइन के नियमों का पालन नहीं करने के कारण अन्य लोगों को भी संक्रमित होने का खतरा बना रहता है, जिसको लेकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य अधिनियम 1949, मध्यप्रदेश एपेडेमिक डिसीज कोविड-19, विनियमन 2020 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### कोविड सेंटर में जाने से मना करने पर बनाया जाएगा पंचनामा

यदि किसी व्यक्ति द्वारा होम क्वांरटाइन के नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति पर आरआरटी टीम द्वारा 2 हजार रुपये का अर्थदण्ड एवं पुनः उल्लंघन करने पर उस व्यक्ति को तत्काल इंस्टीट्यूशनल क्वांरटाइन केन्द्र भेजा जाएगा। यदि इंस्टीट्यूशनल क्वांरटाइन में जाने से मरीज मना करता है, तो संबंधित आरआरटी मौके पर गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर उक्त की रिपोर्ट संबंधित इंसीडेन्ट कमाण्डर को प्रेषित करेगी। इंसीडेन्ट कमाण्डर उक्त पंचनामा के आधार पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 के तहत यथास्थिति दाण्डिक एवं अभियोजन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।


रत्ना मैरिज गार्डन

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

मात्र 21000/- में गार्डन बुक करें



पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

मात्र 75000/- में संपूर्ण व्यवस्था के साथ

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)

फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध **डॉ.बलदेव सिंह** MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन, पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल, हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध **डॉ. गगन सोनी** BDS डेंटल सर्जन, कटनी के सुप्रसिद्ध दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध

डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध

डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध

24x7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें

- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

HAPPY BIRTHDAY

अश्विन रैकवार

को जन्मदिन की 11वीं वर्षगांठ पर ढेर सारा प्यार

आशीष रैकवार (पापा)
श्रीमती रेनू रैकवार (मम्मी)
श्रीमती ममता रैकवार (दादी)
श्रीमती श्यामा बाई रैकवार (बड़ी नानी)
दशरथ लाल रैकवार (नाना)
श्रीमती आशा रैकवार (नानी)
रिधान रैकवार (भाई)






यहां जबलपुर से विज्ञापन की जगह छोड़ी गई है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)